NDIS Quality and Safeguards Commission

NDIS Workforce Capability Framework

# एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क सूचना पैक

**NDIS Workforce Capability Framework Information Pack**
**Hindi | हिन्दी**

## फ्रेमवर्क के लिए एक गाइड (संदर्शिका)

अप्रैल 2023

# संक्षिप्त विवरण

यह दस्तावेज एनडीआईएस गुणवत्ता और सुरक्षा उपाय आयोग द्वारा लिखा गया है।

एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क (फ्रेमवर्क) अभिप्रायपूर्ण परामर्श के साथ विकसित किया गया है, और यह राष्ट्रीय विकलांगता बीमा योजना (एनडीआईएस) के कार्य में शामिल प्रतिभागियों, प्रदाताओं और श्रमिकों के लिए मूल्यवान है। फीडबैक सहित फ्रेमवर्क के डिजाइन और विकास में योगदानों को भी इस प्रक्रिया के अभिन्न अंग के रूप में स्वीकार किया जाता है।

फ्रेमवर्क विकलांगता क्षेत्र में एक लाभप्रद करियर के बारे में सोचने वालों की भी सहायता कर सकता है, और शिक्षण एवं प्रशिक्षण संगठन एनडीआईएस के माध्यम से विकलांगता समर्थन देने के नए तरीके से अपने पाठ्यक्रम को आकार देने में मदद करने के लिए फ्रेमवर्क का उपयोग कर सकते हैं।

यह प्रचार पैक फ्रेमवर्क, इसके उद्देश्य, इसका उपयोग कैसे किया जा सकता है, इसके मूल्य और उपलब्ध संसाधनों के सारांश के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करता है। ऐसे उपकरण, डाउनलोड करने योग्य गाइड और टेम्प्लेट हैं जो प्रदाताओं, श्रमिकों, नौकरी की तलाश करने वालों और प्रतिभागियों सहित विभिन्न उपयोगकर्ताओं द्वारा फ्रेमवर्क के प्रयोग का समर्थन करते हैं।

जहां फ्रेमवर्क के पहलुओं को प्रतिभागी के दृष्टिकोण से लिखा गया है, वहां एक उदाहरण होगा, और टूल स्पष्ट रूप से 'मैं', 'आप' या 'हम' का वर्णन करेगा, जो भी प्रासंगिक होगा।

नवीनतम उपकरण, संसाधनों और समाचारों के लिए वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क वेबसाइट पर जाएं।

# इस पैक में:

संक्षिप्त विवरण ........ 1
वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क क्या है? ........ 3
फ्रेमवर्क विकसित करते समय किससे परामर्श किया गया था? ........ 3
फ्रेमवर्क का उपयोग कैसे किया जा सकता है? ........ 4
फ्रेमवर्क का उपयोग कौन कर सकता है? ........ 4
फ्रेमवर्क का समर्थन करने वाले टूल और संसाधन क्या हैं? ........ 5
श्रमिकों के लिए टूल्स और संसाधन ........ 6
करियर विकल्प गाइड ........ 6
संभावित श्रमिकों के लिए आत्म-मूल्यांकन टूल ........ 6
प्रतिभागियों के लिए टूल और संसाधन ........ 6
प्रतिभागी संसाधन ........ 6
प्रतिभागियों और सेवा प्रदाताओं के लिए टूल्स और संसाधन ........ 7
पोज़ीशन डिस्क्रिप्शन उपकरण ........ 7
क्षमता के लिए पर्यवेक्षण ........ 7
भर्ती और चयन संसाधन ........ 7
सेवा प्रदाताओं के लिए टूल्स और संसाधन ........ 8
क्षमता गाइड के लिए प्रशिक्षण ........ 8
कार्यबल प्रबंधन और योजना उपकरण ........ 8
फ्रेमवर्क आचार संहिता और अभ्यास मानकों से कैसे संबंधित है? ........ 9
और अधिक जानकारी के लिए मैं किससे संपर्क कर सकता/ती हूं? ........ 9

# वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क क्या है?

एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क (फ्रेमवर्क) एनडीआईएस के तहत वित्त पोषित सभी श्रमिकों से अपेक्षित दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान का वर्णन करता है। यह व्यवहार के स्पष्ट, व्यावहारिक उदाहरण प्रदान करता है जो कार्यकर्ता की क्षमता को दर्शाता है और 'अच्छी स्थिति कैसी दिखाई देती है' की एक साझा भाषा स्थापित करता है। फ्रेमवर्क प्रदाताओं, मौजूदा और संभावित श्रमिकों, नौकरी की तलाश करने वालों और प्रतिभागियों की सहायता के लिए टूल्स (उपकरणों) और गाइड्स (संदर्शिकाओं) द्वारा समर्थित है।

फ्रेमवर्क:

- NDIS प्रतिभागी के दृष्टिकोण से लिखा गया है।
- एनडीआईएस आचार संहिता और अभ्यास मानकों का सभी स्तरों पर श्रमिकों के लिए अवलोकन योग्य व्यवहार और क्षमताओं में अनुवाद करता है।
- कार्यकर्ता और प्रतिभागी संबंधों और परस्पर बातचीत पर सुदृढ़ रूप से ध्यान देने के साथ सभी श्रमिकों से अपेक्षित दृष्टिकोणों, कौशल और ज्ञान (क्षमताओं) का वर्णन करता है।
- सकारात्मक संस्कृति परिवर्तन को लाने के लिए एनडीआईएस के अधिकार-आधारित मूल्यों को बनाए रखते समय 'अच्छी स्थिति कैसी दिखाई देती है' का वर्णन करता है।
- समावेश, पसंद और नियंत्रण पर और विकलांग लोगों के अधिकारों को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ लिखा गया है।
- एनडीआईएस प्रतिभागियों को एनडीआईएस-वित्त पोषित समर्थन और सेवाएं प्रदान करने वाले सभी श्रमिकों के लिए प्रासंगिक, जिनमें शामिल हैं:
  - दिन-प्रतिदिन के व्यक्तिगत सहायता कार्य (जैसे दैनिक कार्यों या व्यक्तिगत देखभाल के साथ सहायता),
  - विशेषज्ञ समर्थन, क्षमता निर्माण समर्थन (जैसे स्वास्थ्य और चिकित्सीय समर्थन),
  - मार्गदर्शक और प्रबंधक, तथा
  - सहायक सेवाएं (जैसे रखरखाव, साफ-सफाई या रिसेप्शन)।
- हर किसी ऐसे व्यक्ति के लिए डिज़ाइन किया गया है जिसे एनडीआईएस कार्यबल को समझने, निर्देशित करने या इसमें भाग लेने की आवश्यकता है।

यदि सभी स्तरों पर कार्यकर्ता फ्रेमवर्क में निर्धारित क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं, तो प्रतिभागियों को सुरक्षित और गुणवत्ता वाली सेवाएं प्राप्त होनी चाहिए जो उनके चुने हुए लक्ष्यों का समर्थन करती हों।

# फ्रेमवर्क विकसित करते समय किससे परामर्श किया गया था?

फ्रेमवर्क को 600 से अधिक लोगों के साथ बहु-चरण परामर्श की 18 महीने की अवधि में विकसित किया गया था, इन लोगों में शामिल हैं:

- प्रतिभागी/देखभालकर्ता/परिवार के सदस्य
- श्रमिक
- सेवा प्रदाता
- पीक बॉडीज़ (शिखर निकाय)
- तकनीकी विशेषज्ञ/शोधकर्ता और प्रशिक्षण प्रदाता।

# फ्रेमवर्क का उपयोग कैसे किया जा सकता है?

फ्रेमवर्क प्रतिभागी की आवाज में लिखा गया है और वर्णन करता है कि समर्थन देने और प्राप्त करने के लिए 'अच्छी स्थिति कैसी दिखाई देती है'। 'आप' और 'आपका' कार्यकर्ता या प्रदाता को संदर्भित करता है, और 'मैं' और 'मुझे' प्रतिभागी को संदर्भित करता है।

फ्रेमवर्क के पांच उद्देश्य हैं जो प्रतिभागियों द्वारा श्रमिकों और प्रदाताओं से की जाने वाली मुख्य अपेक्षाओं का वर्णन करते हैं।

इनमें शामिल हैं:

- हमारा रिश्ता: सफलता के लिए हमारे रिश्ते को तय करें।
- आपका प्रभाव: अपनी क्षमताओं, भूमिका और प्रभाव को जानें।
- मेरा समर्थन करें: मेरे लिए जो महत्वपूर्ण है उसका अनुसरण करने के लिए मेरा समर्थन करें।
- उपस्थित रहें: उपस्थित रहें और मुझे आवश्यक सहायता प्रदान करें।
- चेक इन: क्या काम कर रहा है और क्या नहीं है, इसका मूल्यांकन करने और इसपर कार्यवाही करने के लिए मेरे साथ काम करें।

फ्रेमवर्क का इंटरैक्टिव वेबसाइट संस्करण उपयोगकर्ता को उस प्रकार के काम का चयन करने के लिए आमंत्रित करता है जिसका वे वर्णन करना चाहते हैं (सामान्य, उन्नत, सहायक, प्रबंधकीय, नेतृत्व) और प्रासंगिक क्षमताओं को प्रदर्शित करता है।

फ्रेमवर्क का समर्थन करने वाले टूल और संसाधन कार्यबल नियोजन के लिए क्षमता-आधारित दृष्टिकोण से आते हैं। प्रत्येक टूल कार्यबल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए व्यावहारिक तरीकों से फ्रेमवर्क की क्षमताओं का उपयोग करता है।

एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क ऑनलाइन और एक डाउनलोड करने योग्य PDF या सुलभ Word दस्तावेज़ के रूप में उपलब्ध है।

# फ्रेमवर्क का उपयोग कौन कर सकता है?

फ्रेमवर्क का उपयोग कई लोगों द्वारा किया जा सकता है, जिसमें श्रमिक, प्रतिभागी, सेवा प्रदाता और संभावित श्रमिक शामिल हैं।

प्रतिभागी जो भर्ती प्रक्रिया, पर्यवेक्षण या प्रतिक्रिया प्रदान करने का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे फ्रेमवर्क का उपयोग कर सकते हैं, और आत्म-प्रबंधन करने वाले प्रतिभागी भी इसका उपयोग कर सकते हैं।

जो श्रमिक अपने करियर का विस्तार करना चाहते हैं या संभावित श्रमिक जो यह देखना चाहते हैं कि विकलांगता समर्थन में करियर कैसा दिखाई देता है, फ्रेमवर्क का उपयोग कर सकते हैं।

प्रदाता और मानव संसाधन कार्यकर्ता कार्यबल योजना और प्रबंधन, भर्ती, पर्यवेक्षण और श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण विकल्पों की पहचान करने के लिए फ्रेमवर्क का उपयोग कर सकते हैं।

# फ्रेमवर्क का समर्थन करने वाले टूल और संसाधन क्या हैं?

फ्रेमवर्क उन टूल्स और गाइड्स द्वारा समर्थित है जो करियर योजना, भर्ती प्रक्रिया, कार्यबल योजना और प्रबंधन और कार्यबल विकास जैसे क्षेत्रों में सहायता करते हैं।



# श्रमिकों के लिए टूल्स और संसाधन

## करियर विकल्प गाइड

- श्रमिकों को विकलांगता और संबंधित क्षेत्रों में कार्य और करियर के अवसरों का पता लगाने में मदद करता है।
- विभिन्न भूमिकाओं के लिए अपेक्षाओं का वर्णन करने हेतु फ्रेमवर्क से प्रेरणा लेता है, यह समझने के लिए आधार के तौर पर कि क्षमताओं और हितों को कहां लागू और विकसित किया जाए।
- नए तरीकों से सामान्य विकलांगता समर्थन कार्य क्षमताओं का उपयोग कैसे करें और समर्थन के विभिन्न पहलुओं को वितरित करने, और अधिक विशिष्ट भूमिकाएं निभाने या फ्रंटलाइन प्रबंधन भूमिकाओं में जाने के लिए इन क्षमताओं का निर्माण कैसे करें, इसके बारे में सुझाव और उपाय प्रदान करता है।
- काम के विकल्पों की खोज करने वाले और अपनी क्षमताओं और करियर को आगे विकसित करने में रुचि रखने वाले एनडीआईएस कार्यकर्ताओं **के लिए उपयोगी**।

## संभावित श्रमिकों के लिए आत्म-मूल्यांकन टूल

- नौकरी की तलाश करने वालों को एक रूपरेखा प्रदान करता है कि विकलांगता समर्थन भूमिका में काम करना कैसा दिखाई दे सकता है।
- उपयोगकर्ताओं को उनके दृष्टिकोणों, मूल्यों और विश्वासों को प्रतिबिंबित करने के लिए समर्थन देने हेतु प्रश्नों और व्यावहारिक परिदृश्यों का उपयोग करता है ताकि उन्हें यह तय करने में मदद मिल सके कि क्या वे विकलांगता भूमिका में काम करने के लिए उपयुक्त हैं।
- मौजूदा प्रशिक्षण, कौशल और जीवन अनुभव की पहचान करता है जो विकलांगता क्षेत्र में काम करने के लिए किसी व्यक्ति को लैस कर सकता है।
- उपयोगकर्ता प्रतिक्रियाओं के आधार पर एक अनुरूप मूल्यांकन प्रदान करता है और उठाए जाने वाले अगले कदमों पर सामान्य सलाह की रूपरेखा तैयार करता है।
- एनडीआईएस में काम करने पर विचार करने वाले लोगों **के लिए उपयोगी**।

# प्रतिभागियों के लिए टूल और संसाधन

## प्रतिभागी संसाधन

- फ्रेमवर्क और टूल्स का उपयोग करने के बारे में प्रतिभागियों के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करता है ताकि उन्हें उन श्रमिकों को खोजने और जीविका बनाए रखने में सहायता मिल सके जिनकी उन्हें आवश्यकता है।
- प्रमुख दस्तावेज़ों और प्रक्रियाओं के लिए पढ़ने में आसान संसाधन, वीडियो और एनिमेशन उपलब्ध हैं।
- फ्रेमवर्क के पहलुओं और उपयोग में टूल्स को दिखाने वाले परिदृश्य पूरी वेबसाइट में हैं ताकि प्रतिभागियों को श्रमिकों की खोज करने और उन्हें बनाए रखने में सहायता दी जा सके।

# प्रतिभागियों और सेवा प्रदाताओं के लिए टूल्स और संसाधन

## पोज़ीशन डिस्क्रिप्शन उपकरण

- उपयोगकर्ता को क्षमता-आधारित पोज़ीशन डिस्क्रिपशन विकसित करने के लिए मार्गदर्शन देता है।
- भूमिका और पोज़ीशन की जानकारी के आधार पर प्रासंगिक फ्रेमवर्क क्षमताओं को अपने आप से लोड करता है।
- कार्यकर्ता भूमिकाओं की सुसंगत और क्षमता-आधारित समझ बनाने में उपयोगी है।
- प्रदाता और प्रतिभागी की जरूरतों के अनुरूप दो संस्करणों की आपूर्ति करता है।
- आगे संपादन के लिए डाउनलोड करने योग्य है।
- अपने स्वयं के समर्थन का आत्म-प्रबंधन करने वाले या समर्थन भूमिका का वर्णन करने में शामिल NDIS प्रदाताओं और प्रतिभागियों **के लिए उपयोगी**।

## क्षमता के लिए पर्यवेक्षण

- पर्यवेक्षण की गुणवत्ता और स्थिरता बढ़ाने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन और टूल्स प्रदान करता है।
- पर्यवेक्षण में संलग्न होने के लिए वरिष्ठ नेताओं, पर्यवेक्षकों, श्रमिकों और प्रतिभागियों का समर्थन करने के लिए टिप शीट्स, चेकलिस्ट और टेम्प्लेट प्रदान करते हैं।
- व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप टेम्पलेट्स और दस्तावेज़ों को डाउनलोड और संपादित करने की क्षमता प्रदान करते हैं।
- प्रतिक्रिया और पर्यवेक्षण प्रक्रियाओं में एनडीआईएस के प्रदाताओं, पर्यवेक्षकों, श्रमिकों और प्रतिभागियों **के लिए उपयोगी**।

## भर्ती और चयन संसाधन

- श्रमिकों की भर्ती और चयन के लिए क्षमता-आधारित दृष्टिकोण अपनाने पर चरण-दर-चरण मार्गदर्शन और सुझाव प्रदान करता है।
- भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के लिए जानकारी, व्यावहारिक सुझाव, टेम्पलेट और सामग्री प्रदान करता है।
- व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप टेम्पलेट्स और दस्तावेज़ों को डाउनलोड और संपादित करने की क्षमता प्रदान करते हैं।
- प्रदाता और प्रतिभागी की जरूरतों के अनुरूप दो संस्करणों की आपूर्ति करता है।
- अपने स्वयं के समर्थन का आत्म-प्रबंधन करने वाले या समर्थन संलग्न करने वाली भूमिकाओ में शामिल NDIS प्रदाताओं और प्रतिभागियों **के लिए उपयोगी**।

# सेवा प्रदाताओं के लिए टूल्स और संसाधन

## क्षमता गाइड के लिए प्रशिक्षण

- क्षमताओं के विकास का समर्थन करने के लिए प्रशिक्षण खोजने पर एनडीआईएस प्रदाताओं को सलाह प्रदान करता है।
- कार्यबल में क्षमताओं की समीक्षा करने और यह आकलन करने पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करता है कि कमियाँ कहाँ हैं।
- इसके बारे में चरण-दर-चरण बताता है कि ऐसे प्रशिक्षण का पता कैसे लगाना है जो प्रदाता के कार्यबल में क्षमता संबंधी कमियों पर ध्यान देता हो।
- अपने कार्यबल के कौशल को बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने वाले एनडीआईएस प्रदाताओं **के लिए उपयोगी** कि प्रशिक्षण श्रमिकों की जरूरतों के लिए लक्षित है और क्षमता पर केंद्रित है।

## कार्यबल प्रबंधन और योजना उपकरण

- एनडीआईएस प्रदाताओं को अपने वर्तमान कार्यबल प्रबंधन प्रथाओं का आकलन करने और उस कार्यबल के लिए योजना बनाने के लिए समर्थन करता है जिनकी उन्हें अभी और भविष्य में आवश्यकता है।
- टूल में दर्ज जानकारी के आधार पर एक विस्तृत कार्यबल योजना प्रदान करता है।
- कार्यबल की चुनौतियों पर ध्यान देने और उन्हें संबोधित करने के लिए रणनीतियों को विकसित करने के लिए योजना प्रक्रिया में फ्रेमवर्क को शामिल कैसे करें, इसपर विचारों के स्रोत के तौर पर और/या कार्यबल योजना में किस पर ग़ौर करें, इसकी पुष्टि करने के में एक चेकलिस्ट के रूप में उपयोगी है।
- Excel में डाउनलोड करने योग्य टेम्पलेट के रूप में उपलब्ध।
- एनडीआईएस प्रदाताओं **के लिए उपयोगी**।

# फ्रेमवर्क आचार संहिता और अभ्यास मानकों से कैसे संबंधित है?

फ्रेमवर्क प्रतिभागियों, प्रदाताओं, श्रमिकों और प्रशिक्षकों का समर्थन करने के लिए बनाया गया है।

एनडीआईएस आचार संहिता के तहत एनडीआईएस सहायता प्रदान करने वाले श्रमिकों और प्रदाताओं को "देखभाल और कौशल के साथ सुरक्षित और सक्षम तरीके से समर्थन और सेवाएं प्रदान करने" की आवश्यकता होती है।

*अभ्यास मानकों के तहत,* मानव संसाधन प्रबंधन मॉड्यूल में पंजीकृत प्रदाताओं की आवश्यकता होती है ताकि इस परिणाम को पूरा किया जा सके: *"प्रत्येक प्रतिभागी की समर्थन आवश्यकताओं को उन श्रमिकों द्वारा पूरा किया जाता है जो अपनी भूमिका के संबंध में सक्षम हैं, प्रासंगिक योग्यताएँ रखते हैं, और जिनके पास व्यक्ति-केंद्रित समर्थन प्रदान करने के लिए प्रासंगिक विशेषज्ञता और अनुभव है।*[1]

**फ्रेमवर्क इन दायित्वों को पूरा करने के लिए एनडीआईएस प्रदाताओं का समर्थन करने के लिए मार्गदर्शन और टूल्स प्रदान करता है।**

# और अधिक जानकारी के लिए मैं किससे संपर्क कर सकता/ती हूं?

एनडीआईएस आयोग के वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क या इसके कार्यान्वयन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क वेबसाइट पर जाएं: एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क होम | एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी (ndiscommission.gov.au) ।

**परियोजना संपर्क:** workforcecapability@ndiscommission.gov.au या 1800 035 554।

[1] राष्ट्रीय विकलांगता बीमा योजना (एनडीआईएस अभ्यास मानकों के लिए गुणवत्ता संकेतक) दिशानिर्देश 2018 (2021)। राष्ट्रीय विकलांगता बीमा योजना (एनडीआईएस अभ्यास मानकों के लिए गुणवत्ता संकेतक) दिशानिर्देश 2018 (legislation.gov.au)